**LGD Notification No. - LGD/UK/V10/20240702114713**

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

# एल.जी.डी की अधिसूचना

# LGD Notification

# Creation of New Village

| **Published By** | | **Proposed By** | |
|---|---|---|---|
| Name | Anil Singh Garbyal | Name | Anil Singh Garbyal |
| Designation | Staff Officer | Designation | Staff Officer |
| Mobile no. | 9627759646 | Mobile no. | 9627759646 |
| IP Address | 103.116.26.153 | IP Address | 103.116.26.153 |
| On date | 02/07/2024 | On date | 01/06/2024 |

| | |
|---|---|
| District Name | Dehradun |
| Sub District Name | Dehradun |
| Village Name (In English) | Saura |
| Village Name (In Local language) | सौड़ा |
| Village Effective Date | 09/07/2021 |
| Village Status | Inhabitant |
| How to Village is Formed? | New Village Created by New Land. |

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
सख्या– /XVIII(1)/2021-02(1)/2019
देहरादूनः दिनांकः 09 जुलाई, 2021

## अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) (समय–समय पर यथा संशोधित) की धारा 3 के खण्ड (25) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से, जिला देहरादून की तहसील देहरादून में स्थित मूल राजस्व ग्राम 'द्वारा' से प्रस्तावित राजस्व ग्राम **'सौड़ा'** को संलग्न अनुसूची के अनुसार पृथक राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निर्देश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के सम्बन्ध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(सुशील कुमार)
सचिव

संख्या– (1)/XVIII(1)/2021-02(1)/2019 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रुड़की को अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद की प्रति सहित इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–ख में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 100 प्रतियां राजस्व विभाग, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(सुशील कुमार)
सचिव

**संख्या–973(1)/XVIII(1)/2021-02(1)/2019 तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड को उनके पत्र संख्या–7396, दिनांक 24 अगस्त, 2020 के सन्दर्भ में नवगठित राजस्व ग्राम **'सौड़ा'** में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या, क्षेत्रफल आदि की सूची व नक्शे की प्रति सहित इस आशय से प्रेषित है कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के सम्बन्धित तहसील भवन तथा सम्बन्धित ग्रामों के किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस चिपकाने की तिथि बताते हुए अनुपालन आख्या एवं सम्बन्धित अभिलेखों में इन्द्राज करने की स्पष्ट सूचना शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
4. जिलाधिकारी, देहरादून।
5. निदेशक सूचना निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सुशील कुमार)
सचिव

अधिसूचना संख्या–973 (1)/XVIII(1)/2021-02(1)/2019 दिनांक 09 जुलाई, 2021 का संलग्नक

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

| गाटा संख्या | ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है। | ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी। | स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल। | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | गाटो की संख्या | एकड़ में | हैक्टेयर में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 602 | ग्राम "द्वारा" | सौड़ा | 602 | 1194.999 | 483.599 |

Signed by Anil Singh Garbyal
Date: 02-07-2024 11:47:13